पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

स्वाधीनता दिवस पर राज्यपाल की प्रदेशवासियों को बधाई

लखनऊः 14 अगस्त, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव पर देश के उन ज्ञात एवं अज्ञात महान देशभक्तों और वीरांगनाओं को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, जिन्होंने आजादी की जंग में अपने प्राणों की आहूति दी।

राज्यपाल जी ने इस अवसर पर जारी अपने बधाई सन्देश में कहा है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग व बलिदान के कारण ही आज देशवासी आजादी की ऊर्जा का अनुभव कर आगे बढ़ रहे हैं और भारत प्रगति के नित नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी का महोत्सव देश के महान सपूतों के सपने को पूरा करने का संकल्प है।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय गौरव की ऐतिहासिक घटनाओं का बार–बार स्मरण राष्ट्रीयता के प्रसार का प्रभावी माध्यम होता है। देश के पुरातन वैभव का ज्ञान युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्र भक्ति के भाव जगाता है। देशवासियों को अपने गौरवशाली इतिहास पर गर्व करते हुए राष्ट्र की स्वाधीनता, अखण्डता और जनतांत्रिक व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को आत्मनिर्भर एवं स्वच्छ बनाने तथा पर्यावरण को सुधारने का भी संकल्प लेना चाहिए, जिससे भावी पीढ़ी को स्वच्छ, सशक्त और सुरक्षित भारत विरासत में मिल सके।

राजभवन (16 / 13)